# कार्यालय कलेक्टर, जगदलपुर जिला– बस्तर (छ0ग0)

## //प्रेस विज्ञप्ति//

विज्ञापन क्र./03/विशेष भर्ती/2023 जगदलपुर, दिनांक 26/05/2023

**सचिव,** छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर के पत्र क्रमांक एफ 4–04/2023/सात–2 दिनांक 09.05.2023 के परिपालन में बस्तर जिला स्थापना राजस्व एवं भू–अभिलेख शाखा के अतर्गत जिले में रिक्त पदों की पूर्ति हेतु छत्तीसगढ़ राज्य के इच्छुक स्थानीय निवासियो से जिला संवर्ग के तृतीय श्रेणी (कार्यपालिक को छोड़कर) एवं चतुर्थ श्रेणी के विभिन्न रिक्त पदों पर भर्ती किया जाना है ।

**(जिला स्थापना राजस्व विभाग के पद 73 एवं भू–अभिलेख शाखा के 04 पद–कुल रिक्त पद 77 )**

**रिक्त पदों का विवरण** :–

**जिला स्थापना–राजस्व विभाग अन्तर्गत जिला एवं तहसील स्तर के रिक्त पद :–**

**तृतीय श्रेणी के रिक्त पद (कार्यपालिक को छोड़कर) :–**

01/शीघ्रलेखक वर्ग–(03) –01 पद, 02/सहायक ग्रेड–(03), – 37 पद,
03/स्टेनो टायपिस्ट – 05 पद, 04/वाहन चालक – 10 पद

**चतुर्थ श्रेणी के अंतर्गत रिक्त पद :–**

05/भृत्य – 09 पद, 06/फर्राश – 02 पद, 07/अर्दली – 02 पद,
08/चौकीदार –03, पद 09/प्रोसेस सर्वर –03 10/स्वीपर – 01 पद।

**भू–अभिलेख शाखा जिला कार्यालय जगदलपुर के अंतर्गत रिक्त पदो की पूर्ति के लिए :–**

**सहायक ग्रेड–03 (कार्यपालिक को छोड़कर) ————— 04 पद**

उपरोक्त उल्लेखित रिक्त पदों पर भर्ती हेतु छत्तीसगढ़ राज्य के ही पात्र व इच्छुक स्थानीय निवासी/अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र **पंजीबद्ध डाक/स्पीड पोस्ट** के माध्यम से दिनांक 01.06.2023 से 23.06.2023 तक शाम 5.00 बजे तक जिला कार्यालय जगदलपुर में कार्यालयीन समय में आमंत्रित किये जायेगें । **कुरियर अथवा अन्य किसी भी माध्यम से उक्त रिक्त पदों पर भर्ती हेतु आवेदन स्वीकार्य नहीं होंगें ।**

उक्त पदों पर भर्ती हेतु आवेदन पत्र का प्रारुप, नियम व शर्ते एवं विज्ञापन का विस्तृत विवरण जिला कार्यालय, जगदलपुर एवं तहसील कार्यालय के सूचना पटल एवं बस्तर जिले के **वेबसाईट bastar.gov.in** पर भी देखा जा सकता है। पदों की सख्या मे कमी या वृद्धि हो सकती है ।

26/5/23

कलेक्टर
जिला बस्तर

पृ0क्र./03/विशेष भर्ती/2023 जगदलपुर, दिनांक 26/05/2023

प्रतिलिपि:–

1. **सचिव,** छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर के पत्र क्रमांक एफ 4–04/2023/सात–2 दिनांक 09.05.2023 के संदर्भ में सूचनार्थ सम्प्रेषित ।

2/ सहायक संचालक, जिला जनसम्पर्क कार्यालय, जगदलपुर, जिला बस्तर को सूचनार्थ ।दैनिक समाचार पत्रों में लगातार विज्ञापन प्रकाशित कराना सुनिश्चित करेगें ।

3/ मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत , जिला बस्तर को सूचना पटल में चस्पा हेतु ।

4/ जिला सूचना एवं प्रोद्योगिकी अधिकारी,(एन0आई0सी0) को जिले के वेबसाइट में अपलोड हेतु ।

5/ प्र0अ0(जि0 नाजिर) जिला कार्या0 जगदलपुर को कार्या0 के सूचना पटल में चस्पा हेतु सूचनार्थ ।

6/ सर्व अनुविभागीय अधिकारी(रा) बस्तर जिला को कार्यालय के सूचना पटल में चस्पा हेतु ।

7/ सर्व तहसीलदार जिला बस्तर को विज्ञापन सूचना फलक पर प्रकाशित करने हेतु सूचनार्थ ।

8/ सर्व मु0 कार्य0 अधि0, जन0 पंचायत जिला बस्तर को कार्या0 के सूचना पटल मे चस्पा हेतु ।

कलेक्टर
जिला बस्तर

# कार्यालय कलेक्टर, जगदलपुर, जिला बस्तर (छ0ग0)

विज्ञापन क्र. / 03 / विशेष भर्ती / 2023 — जगदलपुर, दिनांक 26.05.2023

## तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी पदों पर सीधी भर्ती हेतु–विज्ञापन

**सचिव** छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर के पत्र क्रमांक एफ 4–04 / 2023 / सात–2 दिनांक 09.05.2023 के परिपालन में बस्तर जिला स्थापना राजस्व एवं भू–अभिलेख शाखा के अंतर्गत जिले में रिक्त पदों की पूर्ति हेतु छत्तीसगढ़ राज्य के इच्छुक स्थानीय निवासियो जिला संवर्ग के तृतीय श्रेणी (कार्यपालिक को छोडकर) एव चतुर्थ श्रेणी के नीचे उल्लेखित अनुसार विभिन्न रिक्त पदों पर भर्ती से भरे जाने हेतु चयन के लिए छत्तीसगढ़ राज्य के ही पात्र एवं इच्छुक स्थानीय निवासी / अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र **दिनांक 23.06.2023 सायं 05.00 बजे** तक **कार्यालय कलेक्टर, (वित्त शाखा ) जिला बस्तर** के पते पर आमंत्रित किये जाते हैं :–

रिक्त पदों की संख्या / वर्गवार विवरण निम्नानुसार है :

| पदनाम | अनारक्षित | | | | अ.ज.जा. | | | | अ0जा0 | | | | अ0पि0व0 | | | | कुल रिक्त पदों में से निःशक्त जनो के लिए आरक्षित | कुल रिक्त पद योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | मु0 | म0 | भू.पू.सै. | योग | मु0 | म0 | भू.पू.सै. | योग | मु0 | म0 | भू.पू.सै. | योग | मु0 | म0 | भू.पू.सै. | योग | | |
| शीघ्रलेखक वर्ग–03 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| सहायक ग्रेड–03 | 6 | 3 | 0 | 9 | 18 | 4 | 2 | 24 | 1 | 0 | 0 | 1 | 1 | 2 | 0 | 3 | 5 | 37 |
| स्टेनो टायपिस्ट | 2 | 0 | 0 | 2 | 2 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 | 1 | 5 |
| वाहन चालक | 3 | 0 | 0 | 3 | 5 | 0 | 0 | 5 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 | 2 | 0 | 10 |
| भृत्य | 0 | 0 | 0 | 0 | 6 | 0 | 1 | 7 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 | 0 | 2 | 2 | 9 |
| चौकीदार | 1 | 0 | 0 | 1 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 3 |
| अर्दली | 1 | 0 | 0 | 1 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 |
| फर्राश | 1 | 0 | 0 | 1 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 |
| प्रोसेस सर्वर | 1 | 0 | 0 | 1 | 2 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 3 |
| स्वीपर | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| स0ग्रे0––03 –– कलेक्टर कार्या. भू–अभि शाखा | 0 | 0 | 0 | 0 | 3 | 1 | 0 | 4 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 4 |
| **योगः–** | **15** | **3** | **0** | **18** | **41** | **5** | **3** | **49** | **1** | **0** | **0** | **1** | **6** | **3** | **0** | **9** | **8** | **77** |

टीप :– रिक्त पदों की संख्या में वृद्धि या कमी हो सकती हैं । जिसके लिए कोई दावा स्वीकार्य नहीं होगा ।

भूतपूर्व सैनिक सहित अन्य वर्गों को शासकीय सेवा में दिये जाने वाला आरक्षण /अन्य लाभ दिये जाने हेतु सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी किये गये दिशा निर्देशों का पालन किया जायेगा । विज्ञापित पदों पर भर्ती हेतु भूतपूर्व सैनिक, दिव्यांगजन व विविध प्रवर्गो – अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़े वर्ग (क्रीमीलेयर को छोड़कर) के संबंध में शासन द्वारा समय–समय पर निर्धारित व जारी किए गए आरक्षण एवं आयु सीमा में छूट संबंधी निर्देशों, नियमों व शर्तो का पालन किया जाएगा।

01– रिक्त पदों का विवरण एवं निर्धारित शैक्षणिक योग्यताएं :–

01–शीघ्रलेखक ग्रेड–03

(अ) वेतनमान–वेतन मैट्रिक्स में लेवल 07 वेतनमान रू0 28700–91300/–

(ब) शीघ्रलेखक ग्रेड–03 के लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यता :–

1. मान्यता प्राप्त शिक्षा मण्डल से (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण,

   अथवा

   पुरानी हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण के साथ मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में स्नातक पाठ्यक्रम की प्रथम वर्ष परीक्षा उत्तीर्ण ।
2. मान्यता प्राप्त मंडल/संस्था/शीघ्रलेखन मुद्रलेखन परीक्षा परिषद से –

   (क)–शीघ्र लेखक (हिन्दी के लिए )–

   हिन्दी शीघ्रलेखन परीक्षा उत्तीर्ण प्रमाण पत्र एवं शीघ्रलेखन की 100 शब्द प्रतिमिनट की गति। (गति के लिए कौशल परीक्षा ली जाएगी)।
3. मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एण्ट्री ऑपरेटर/प्रोग्रामिंग में एक वर्षीय डिप्लोमा/प्रमाण पत्र तथा डाटा एण्ट्री की गति 10,000 की (key) डिप्रेशन प्रतिघंटा। (गति के लिए कौशल परीक्षा ली जाएगी)

   **वांछनीय :– द्विभाषी शीघ्रलेखन (अंग्रेजी/हिन्दी) वाले अभ्यर्थी को प्राथमिकता दी जावेगी । अनुभव को प्राथमिकता दी जायेगी ।**

02–स्टेनोटायपिस्ट –

(अ) वेतनमान–वेतन मैट्रिक्स में लेवल 04 वेतनमान रू0 – 19500–62000/– एवं ( रुपये –125.00 विशेष भत्ता)

स्टेनोटायपिस्ट – के लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यता :–

1. मान्यता प्राप्त शिक्षा मण्डल से (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण ,

   अथवा

   पुरानी हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण के साथ मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय के स्नातक पाठ्यक्रम की प्रथम वर्ष परीक्षा उत्तीर्ण ।
2. हिन्दी शीघ्र लेखन में 60 शब्द प्रतिमिनट की गति (गति के संबंध में कौशल परीक्षा ली जायेगी ।
3. मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एण्ट्री ऑपरेटर/प्रोग्रामिंग में एक वर्षीय डिप्लोमा / प्रमाण पत्र तथा डाटा एण्ट्री की गति 5,000 की (key) डिप्रेशन प्रतिघंटा। (गति के सबंध में कौशल परीक्षा ली जाएगी)
4. मान्यता प्राप्त मंडल संस्था अथवा छत्तीसगढ शीघ्र लेखन मुद्रलेखन परीक्षा परिषद से (कम्प्यूटर एवं साफट्वेयर के माध्यम से ) हिन्दी अथवा अंग्रेजी मुद्रलेखन में 5,000 की (key) डिप्रेशन प्रतिघंटा की गति (गति के सबंध में कौशल परीक्षा ली जाएगी) का प्रमाण पत्र ।

03– <u>सहायक ग्रेड–03</u>

(अ) वेतनमान–वेतनमैट्रिक्स में लेवल 04 वेतनमान रू0 – 19500–62000/–

(ब) **सहायक ग्रेड–03 के लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यता** :–

1/ मान्यता प्राप्त शिक्षा मण्डल से (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण

अथवा

पुरानी हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण के साथ मान्यता प्राप्तविश्वविद्यालय से किसी भी विषय में स्नातक पाठ्यक्रम की प्रथम वर्ष परीक्षा उत्तीर्ण।

2/ मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एण्ट्री ऑपरेटर/प्रोग्रामिग में एक वर्षीय डिप्लोमा/प्रमाण पत्र तथा

3/ कम्प्यूटर में हिन्दी टायपिंग का 5,000 की (key) डिप्रेशन प्रतिघंटा की गति। (गति के लिए कौशल परीक्षा ली जाएगी)

4/ मान्यता प्राप्त मंडल संस्था अथवा छत्तीसगढ़ शीघ्र लेखन मुद्रलेखन परीक्षा परिषद से (कम्प्यूटर एवं साफट्वेयर के माध्यम से ) हिन्दी अथवा अंग्रेजी मुद्रलेखन में 5,000 की (key) डिप्रेशन प्रतिघंटा की गति (गति के सबंध में कौशल परीक्षा ली जाएगी) का प्रमाण पत्र ।

04–वाहन चालक –

**(अ) वेतनमान–वेतनमैट्रिक्स में लेवल 04 वेतनमान रू0 19500–62000/–**

(ब) **वाहन चालक के लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यता** :–

1. किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड से पूर्व माध्यमिक शाला (कक्षा 8वी) परीक्षा उत्तीर्ण।
2. हल्का मोटर यान का वैध अनुज्ञप्तिधारी (लायसेंस) हो
3. अनुभव को प्राथमिकता। (निर्धारित 05 अंक) अधिकतम ।
4. योग्यता निर्धारण के लिए ड्राईविंग का दक्षता परीक्षण किया जावेगा ,जिसके लिए कोई अंक देय नहीं होगा ।

05–<u>भृत्य/अर्दली/प्रोसेस सर्वर/चौकीदार/फर्रास/स्वीपर</u> –

वेतनमान–वेतनमैट्रिक्स में लेवल 01 वेतनमान रू0–15600–49400/–

<u>(भृत्य/अर्दली/प्रोसेस सर्वर/चौकीदार/फर्रास/स्वीपर के नियमित पदो के लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यता</u> :–

1. किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड से अथवा संस्था से कक्षा पांचवी की परीक्षा उत्तीर्ण करने का प्रमाण–पत्र।
2. अनुभव को प्राथमिकता **(निर्धारित अधिकतम अंक–05)**

2. **आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाने की निर्धारित तिथि** :–

आवेदन पत्र भरने की प्रारंभिक तिथि :– 01.06.2023

आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि :– 23.06.2023 को शाम 05.00 बजे तक ।

3. नियम एवं शर्तें :–

1. रिक्त पदों की संख्या परिवर्तनीय है ।
2. उपरोक्त सभी नियुक्ति एवं चयन प्रक्रियायें, माननीय उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली, के एस0एल0पी0(सी)क्रमांक 19668/2022 के अंतिम आदेश के अधीन होंगी।
3. **आयु सीमा** :– दिनांक 01.01.2023 की स्थिति में उम्मीदवार की आयु सीमा न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 35 वर्ष होना चाहिये। **छ0ग0शासन, सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, अटल नगर, रायपुर के परिपत्र क्रमांक एफ 3–2/2015 /1–3 अटल नगर, रायपुर दिनांक 30.01.2019 के अनुसार छत्तीसगढ़ के स्थानीय निवासियों को निर्धारित अधिकतम आयु सीमा (35 वर्ष) में 05 वर्ष की छूट देय होगी।**

4. अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अन्य पिछडा वर्ग के उम्मीदवारों को 05 वर्ष, महिलाओं के लिए 10 वर्ष तथा सभी प्रवर्ग के लिए सभी प्रकार के छूट सहित अधिकतम आयु सीमा की छूट 45 वर्ष से अधिक नहीं होगी। **दिव्यांगजन** उम्मीदवार को 03 वर्ष की आयु सीमा में अतिरिक्त छूट होगी परन्तु यह छूट 45 वर्ष की आयु सीमा तक ही सीमित होगा।

5. उच्चतर आयु सीमा में छ0ग0शासन, सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय–समय पर जारी किये गए निर्देशों के तहत छूट की पात्रता होगी। यदि उच्चतर आयु सीमा में छूट चाही गई है, तो संबंधित दस्तावेज/प्रमाण पत्र अनिवार्यतः दस्तावेज सत्यापन के समय प्रस्तुत करना होगा।

6. छ0ग0 शासन सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय रायपुर के पत्र कमॉक एफ–13–2 /2018/आ0प्र0/1–3, नवा रायपुर दिनॉक 28.09.2021 में दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम ,2016 के प्रावधान के तहत सीधी भर्ती में दिव्यांगजनों के आरक्षण हेतु समस्त प्रवर्ग श्रेणी के दिव्यांगता के पदों का चिन्हांकन के तहत तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पदों में 07 प्रतिशत दिव्यांगजनो के लिए आरक्षण नियत किया गया –

02 – प्रतिशत – अंध और निम्न दृष्टि,<br>
02 – प्रतिशत – बाधिर और श्रवण शक्ति में ह्रास,<br>
02 – प्रतिशत – चलन दिव्यांगता जिसके अंतर्गत प्रमस्तिष्क घात,रोगमुक्त कुष्ठ, बौनापन, अम्लआक्रमण पीड़ित और पेशीय दुष्पोषण भी है ।<br>
01 – प्रतिशत – स्वपरायणता, बौद्धिक दिव्यांगता, विशिष्ट अधिगम दिव्यांगता, और मानसिक अस्वस्थता

एव

खण्ड(क) से खण्ड (घ) के अधीन व्यक्तियों में से बहुदिव्यांगता जिसके अंतर्गत प्रत्येक दिव्यागता के लिए पहचान किये गये पदो में बघिर अंघता भी है ।

7. **स्थानीय निवासी:–** आवेदक को सक्षम अधिकारी के द्वारा जारी छत्तीसगढ़ के स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र में उल्लेखित जिले का स्थानीय निवासी होना मान्य होगा ।
8. जिला रोजगार कार्यालय में जीवित पंजीयन कमॉक आवश्यक होगा ।

9. **आवश्यक दस्तावेज** :–आवेदक द्वारा अपने आवेदन पत्र में उल्लेखित विवरण अनुसार जन्म दिनांक हेतु हाई स्कूल (दसवीं) की अंकसूची/प्रमाण पत्र, हायर सेकेण्डरी स्कूल की अंकसूची, सक्षम प्राधिकारी का स्थायी जाति प्रमाण पत्र, (स्थायी सामाजिक प्रास्थिति प्रमाण पत्र) छत्तीसगढ़ का निवास प्रमाण पत्र, मान्यता प्राप्त संस्था से जारी कम्प्यूटर परीक्षा उर्त्तीण संबंधी प्रमाण पत्र । जीवित रोजगार पंजीयन प्रमाण पत्र, भूतपूर्व सैनिक प्रमाण पत्र, दिव्याग प्रमाण पत्र, (यदि उक्त रिक्त पद हेतु आवेदन भरा गया हो तो ) आदि आवश्यक दस्तावेज की स्व–प्रमाणित छायाप्रति आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा ।

10. कम्प्यूटर अर्हता हेतु छ0ग0 शासन, सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा मान्य किये गये प्रमाण पत्रों को ही स्वाकार किये जायेंगे ।

11. अन्य पिछड़ा वर्ग को आरक्षण केवल गैर क्रीमीलेयर के आधार पर ही देय है । गैर क्रीमीलेयर का निर्धारण वार्षिक आय के आधार पर होता है । अतः अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थी को जाति प्रमाण पत्र के साथ गैर क्रीमीलेयर के अंतर्गत आने का प्रमाण पत्र हेतु ऐसा आय प्रमाण पत्र भी संलग्न करना होगा जो आवेदन की तिथि से पूर्ववती तीन वर्ष के भीतर जारी किया गया हो ।

12. भर्ती का तरीका :–

**(!) छ0ग0 राजपत्र कमॉक 459 दिनॉक 19.11.2018 में छ0ग0 शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय, महानदी भवन, अटल नगर, रायपुर द्वारा प्रकाशित अधिसूचना दिनॉक 19.11.2018 के कंडिका 06 भर्ती का तरीका के (1) के (क) के अनुसार केवल मेरिट के आधार पर चयन के माध्यम से भर्ती किया जायेगा । प्रतियोगी परीक्षा नहीं लिया जायेगा ।**

(!!) अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत आवेदन में संलग्न दस्तावेजों के आधार पर अपलोड किये गये मेरिट (वरीयता) सूची अनुसार चयनित अभ्यर्थियों को कौशल परीक्षा हेतु आहूत किया जावेगा ।

(!!!) किसी भी शासकीय/अर्धशासकीय/निगम/मण्डल में संविदा/दैनिक वेतन/तदर्थ नियुक्ति पर कार्यरत तृतीय श्रेणी /चतुर्थ श्रेणी के अन्तर्गत आवेदित पद का ही नियुक्ति में अनुभव का अतिरिक्त अंक दिया जावेगा । प्रतिवर्ष अनुभव के लिये 01 अंक प्रदान किये जायेंगे। अनुभव के लिए अधिकतम 05 अंक निर्धारित है । 01 वर्ष की गणना नियुक्ति तिथि से 01 वर्ष होना अनिवार्य है । अनुभव प्रमाण पत्र केवल आवेदित पद पर कार्य करने का ही मान्य किया जावेगा । आवेदित पद के अतिरिक्त अन्य पद का अनुभव मान्य नही होगा । अनुभव के अंक के लिए नियोक्ता द्वारा जावक नम्बर सहित जारी किये गये अनुभव प्रमाण पत्र ही मान्य होंगे । आवेदक को आवेदन के साथ संलग्न किये जाने वाले दस्तावेजों की स्वप्रमाणित छाया प्रति प्रस्तुत करना होगा । किसी भी निजि सस्था के द्वारा प्रदत्त किया गया अनुभव प्रमाण पत्र मान्य नही किया जायेगा । आवश्यक हो तो चयनित उम्मीदवारो का अनुभव प्रमाण पत्र का सत्यापन जारीकर्ता अधिकारी से कराया जा सकेगा । यदि प्रमाण पत्र गलत पाया जाएगा तो वैधानिक कार्यवाही भी की सकेगी तथा आवेदन एवं चयन अमान्य किया जावेगा ।

13. सभी पदों की शैक्षणिक योग्यता में यदि किसी आवेदक को कक्षा की अंक सूची में प्रतिशत अंक उल्लेखित न होकर सिर्फ ग्रेड दिया गया है तो उन आवेदकों को उस ग्रेड का औसत प्रतिशत अंक प्रदान किया जायेगा ।

औसत प्रतिशत इस प्रकार है :–

| ग्रेड | अंकों का प्रतिशत | प्रतिशत |
|---|---|---|
| ग्रेड– ए+ | 91– 100 | 95 |
| ग्रेड– ए | 81– 90 | 85 |
| ग्रेड– बी | 66– 80 | 73 |
| ग्रेड– सी | 51– 65 | 58 |
| ग्रेड– डी | 36– 50 | 43 |

ग्रेड– को अंक/प्रतिशत में परिवर्ततन :–

यदि अभ्यर्थी को ग्रेड ए प्राप्त है ,एवं अनुभव 03वर्ष है तो उपरोक्त तालिका के अनुसार ग्रेड ए 81–90 प्रतिशत का औसत प्रतिशत 85 प्रतिशत होगा अनुभव का 03 वर्ष का 03 अंक होगा । (औसत प्रतिशत 85X95/100= 80.75 होगा अंक एवं अनुभव का औसत प्रतिशत का अंक 80.75 + अनुभव का अंक 03 = **83.75** अंक होगा)। इसी प्रकार सभी अभ्यर्थियों के ग्रेड को प्राप्तांक/प्रतिशत में परिवर्तन कर वरीयता तैयार किया जायेगा । अंक में दशमलव के बाद के दो अंक तक ही मान्य होंगे ।

उदाहरण :– 88.526 की स्थिति में 88.52 मान्य होगा । इसी आधार पर वरिष्ठता सूची तैयार की जायेगी । उपरोक्त तैयार वरिष्ठता सूची के 05 गुना अभ्यर्थियों को कौशल परीक्षा के लिए आमंत्रित किया जायेगा । जिनका कौशल परीक्षा निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर नियत तिथि को लिया जायेगा । जिसमें कौशल परीक्षा निर्धारित माप दण्ड के अनुसार, उत्तीर्ण करना अनिवार्य होगा । इसके लिए कोई अंक देय नहीं होगा । सामान्य प्रतिशत में प्राप्तांक की गणना उपरोक्तानुसार ही की जायेगी ।

14. विज्ञापन/आवेदन का प्रारूप कार्यालय कलेक्टर जिला बस्तर के सूचना पटल एवं बस्तर जिले के वेबसाईट bastar.gov.in पर भी देखा जा सकता है । जहां से आवेदक का प्रारूप डाऊनलोड कर पंजीकृत डाक अथवा स्पीड पोस्ट से प्रेषित करना अनिवार्य होगा । किसी भी स्थिति में उक्त दोनो माध्यमों के अतिरिक्त प्राप्त आवेदन मान्य नही होगे । कुरियर भी मान्य नहीं होगा और ना ही कार्यालय में सीधे आवेदन प्राप्त किये जायेंगे । किसी भी स्थिति में आवेदक का आवेदन पत्र पंजीबद्ध डाक द्वारा अथवा स्पीड पोस्ट के द्वारा निर्धारित तिथि/समय तक जिला कार्यालय में पहुंचना अनिवार्य होगा । उक्त दोनो माध्यम के अतिरिक्त एवं **नियत तिथि/समय के पश्चात प्राप्त आवेदन स्वीकार्य नहीं होगा और ना ही उन पर विचार किया जायेगा । आवेदित पद का नाम लिफाफे में ऊपर बाहर स्पष्ट अक्षरों में लिखा जावे ।**

15. आवेदक अपने आवेदित पद के लिए अपनी अंर्हता की जांच स्वयं भली भांति कर लेवें । विज्ञापन मे दिये गये निर्देशों/नियमों, शर्तो को पूरा करने पर ही निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तत करें। आवेदक, आवेदन में चाही गई जानकारी स्पष्ट रुप से अंकित करें । आवेदन त्रुटिपूर्ण/अपूर्ण होने पर , अपूर्ण आवेदन अमान्य किया जा सकेगा इसके लिए आवेदक स्वयं जिम्मेदार होगा ।

16. अभ्यर्थी को आवश्यक शैक्षणिक अर्हता, अनुभव एवं अन्य अर्हता आवेदन करने की निर्धारित अंतिम तिथि तक धारित करना आवश्यक होगा ।

17. **नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाण पत्रः**–यदि अभ्यर्थी छ.ग. शासन के अधीन शासकीय विभाग/निगम/ मण्डल/उपक्रम में कार्यरत हो तो वे आवेदन कर सकते हैं। उन्हें अपने नियुक्ति प्राधिकारी/कार्यालय प्रमुख से जारी "**अनापत्ति प्रमाण पत्र**" की मूल प्रति दस्तावेज सत्यापन के दौरान प्रस्तुत करना होगा ।
18. समान अंक प्राप्त होने की स्थिति में अभ्यर्थियों की जन्म तिथि को आधार मानकर वरीयता निर्धारित की जावेगी। जिस अभ्यर्थी की उम्र अधिक होगी उसको वरीयता प्रदान की जावेगी ।
19. **परिवीक्षा अवधिः**–चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति 03 वर्ष की परिवीक्षा अवधि पर की जावेगी।

(क) चयनित अभ्यर्थी को परिवीक्षा अवधि में छ0ग0शासन, **वित्त विभाग के वित्त निर्देश– 21/2020** के अनुसार निम्नानुसार स्टायपेण्ड देय होगाः–

प्रथम वर्ष – उस पद के वेतनमान के न्यूनतम का 70 प्रतिशत
द्वितीय वर्ष – उस पद के वेतनमान के न्यूनतम का 80 प्रतिशत
तृतीय वर्ष – उस पद के वेतनमान के न्यूनतम का 90 प्रतिशत, परन्तु परिवीक्षा अवधि में स्टायपेण्ड के साथ अन्य भत्ते कार्यरत चयनित पद के अन्य कर्मियों की तरह प्राप्त होगा ।

(ख) परिवीक्षा अवधि सफलता पूर्वक पूर्ण करने पर वेतनमान के न्यूनतम लेवल पर वेतन नियत किया जायेगा।

20. तृतीय श्रेणी हेतु कौशल परीक्षा के लिये अभ्यर्थियों को स्वयं के व्यय पर परीक्षा केन्द्र तक जाना होगा । वरीयता सूची के आधार पर **कुल रिक्त पद के 05 गुना अभ्यर्थियों** को कौशल परीक्षा हेतु आमत्रित किया जाएगा । कौशल परीक्षा हेतु परीक्षा केन्द्र पर संसाधन की व्यवस्था नियोक्ता के द्वारा की जायेगी जो अभ्यर्थी को मान्य होगा ।
21. शैक्षणिक योग्यता, तकनीकी दक्षता की अंकसूची/ प्रमाण पत्र (निवास/जाति) एवं अन्य सुसंगत आवश्यक दस्तावेज की मूल प्रतियॉ सत्यापन के समय अवलोकन हेतु प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा ।
22. चयनित अभ्यर्थियों को जिला चिकित्सालय के चिकित्सा बोर्ड से चिकित्सा प्रमाण पत्र नियुक्ति के एक माह के भीतर प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
23. आवेदक को एक से अधिक पद के लिए आवेदन प्रस्तुत करने पर आवेदन पृथक–पृथक पद के लिए पृथक–पृथक लिफाफे के ऊपर पद का नाम स्पष्ट रुप से अंकित करना होगा । एक ही आवेदन में एक से अधिक पद का आवेदन मान्य नहीं होगा ।
24. एक बार आवेदन कर दिये जाने के बाद त्रुटि सुधार के लिए किया गया कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।
25. आवेदक को आवेदन के साथ सादे लिफाफ में अपना पत्र व्यवहार का वर्तमान पता स्पष्ट पिन कोड सहित लिखा हुआ रु0– 10/– का डाक टिकट चस्पा किया हुआ संलग्न करना अनिवार्य होगा ।
26. **एक आवेदन एक पद के लिए ही मान्य होगा** , एवं आवेदन नियत प्रारुप में ही मान्य होगा, प्रारुप परिवर्तन कर आवेदन प्रस्तुत करने पर अमान्य किया जावेगा । एक ही आवेदन पर एक से अधिक पद के लिए आवेदन प्रस्तुत करने ऐसा आवेदन अमान्य किया जायेगा ।

27. <u>अनर्हताएँ</u> :–

छत्तीसगढ सिविल सेवा (सेवा की सामान्य शर्ते) नियम, 1961 के नियम 6 के अनुसार निम्नलिखित अनर्हता होगी:–

(I) कोई भी पुरूष अभ्यर्थी, जिसकी एक से अधिक पत्नियाँ जीवित हो और कोई भी महिला अभ्यर्थी जिसने ऐसे व्यक्ति से विवाह किया हो जिसकी पहले ही एक पत्नी जीवित हो, किसी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होंगे ।

परन्तु यदि नियोक्ता को इस बात से समाधान हो जाए कि ऐसा करने के विशेष कारण है, तो वह ऐसे अभ्यर्थी को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगा।

(II) कोई भी अभ्यर्थी किसी सेवा या पद पर तब तक नियुक्त नहीं किया जाएगा, जब तक उसे ऐसी स्वास्थ्य परीक्षा मे, जो विहित की जाए, मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ्य और सेवा या पद के कर्तव्य के पालन में बाधा डाल सकने वाले किसी मानसिक या शारीरिक दोष से मुक्त ना पाया जाए ।

(III) कोई भी अभ्यर्थी जिसे महिलाओं के विरूद्ध किसी अपराध का सिद्ध दोष ठहराया गया हो, वह किसी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा।

(IV) कोई भी अभ्यर्थी, जिसने विवाह के लिए नियत की गई न्यूनतम आयु से पूर्व विवाह कर लिया हो, किसी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा ।

28. यदि कोई अभ्यर्थी परीक्षा के किसी भी चरण में अथवा परीक्षाफल घोषित होने के बाद अयोग्य/अनर्ह पाया जाता है अथवा उनके द्वारा दी गई कोई भी जानकारी गलत पाई जाती है, तो उसकी अभ्यर्थिता/चयन परिणाम निरस्त किया जा सकेगा ।

29. **प्रतीक्षा सूची**:– प्रतीक्षा सूची नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम दिनांक से 01 वर्ष के लिये वैध होगी।

30. अभ्यर्थी के चयन उपरांत यदि उनके द्वारा प्रस्तुत कोई जानकारी असत्य/मिथ्या पायी जाती है, तो नियुक्ति समाप्त कर दी जायेगी तथा संबंधित के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा सकेगी।

31. विज्ञापन में किसी भी तरह के संशोधन/सुधार करने का अधिकार कलेक्टर ,जिला बस्तर के पास सुरक्षित रहेगा ।

32. भर्ती प्रक्रिया के दौरान उत्पन्न किसी भी प्रकार की विवाद पर अंतिम निर्णय लिये जाने का अधिकार कलेक्टर जिला बस्तर के पास सुरक्षित रहेगा ।

कलेक्टर
जिला बस्तर

पृष्ठ.क्रमाक / 03 / विशेष भर्ती / 2023 जगदलपुर, दिनांक 26 / 05 / 2023

प्रतिलिपि :–

1 / सचिव, छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय महानदी, नवा रायपुर की ओर सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित ।

2 / सचिव, छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, मंत्रालय महानदी, नवा रायपुर की ओर उनके पत्र कमॉक एफ 4–04 / 2023 / सात–2 दिनांक 09.05.2023 के संदर्भ में सूचनार्थ सम्प्रेषित।

3 / संचालक छ.ग. शासन जनसम्पर्क विभाग नवा रायपुर अटल नगर को विज्ञापन प्रकाशन हेतु अग्रेषित।

4 / संचालक, सैनिक कल्याण , छत्तीसगढ़ रायपुर ।

5 / आयुक्त, बस्तर संभाग, जगदलपुर की ओर सूचनार्थ सम्प्रेषित ।

6 / पुलिस अधीक्षक, जगदलपुर की ओर सूचनार्थ सम्प्रेषित ।

7 / मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, जगदलपुर को सूचनार्थ एवं सूचना पटल पर प्रकाशन हेतु अग्रेषित।

8 / जिला सैनिक कल्याण बोर्ड, जगदलपुर, जिला बस्तर की ओर सूचनार्थ।

9 / प्रभारी अधिकारी, नजारत शाखा, जिला कार्यालय जगदलपुर को सूचना पटल पर प्रकाशन हेतु अग्रेषित।

10 / जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी, जगदलपुर की ओर सूचनार्थ । कृपया जिले के वेबसाईट में विज्ञापन अपलोड करने हेतु अग्रेषित।

11 / सर्व कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा0), जगदलपुर, तोकापाल, बस्तर, लोहण्डीगुडा, जिला बस्तर को सूचनार्थ एवं सूचना पटल पर प्रकाशन हेतु अग्रेषित।

12 / सर्व कार्यालय तहसीलदार, जिला बस्तर, को सूचना पटल पर प्रकाशन हेतु सूचनार्थ ।

14 / सयुक्त संचालक, जनसम्पर्क, जगदलपुर की ओर समाचार पत्र में प्रकाशन हेतु सूचनार्थ।

15 / जिला रोजगार एव मार्गदर्शन, जिला बस्तर को सूचना पटल पर प्रकाशन हेतु अग्रेषित ।

16 / आयुक्त, नगर पालिक निगम, जगदलपुर को सूचनार्थ एवं सूचना पटल पर प्रकाशन हेतु अग्रेषित।

17 / सर्व कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत, जिला बस्तर को सूचनार्थ एवं सूचना पटल पर प्रकाशन हेतु अग्रेषित।

कलेक्टर
जिला बस्तर

# आवेदन पत्र का प्रारूप

(कार्यालय द्वारा उक्त उल्लेखित पद पर सीधी भर्ती हेतु जारी विज्ञापन–शीघ्रलेखक वर्ग–03 सहायक ग्रेड–03/स्टेनोटायपिस्ट/वाहन चालक/भृत्य चौकीदार अर्दली/फर्रास/प्रोसेस सर्वर/स्वीपर )

(आवेदित पद का नामः–.......................................................)

| सत्यापित नवीनतम पासपोर्ट साईज स्वप्रमाणित फोटो चस्पा करें |
|---|

प्रति,

कलेक्टर (वित्त)
जिला बस्तर, जगदलपुर
(छ0ग0)

विषयः– विज्ञापन कमांक...................................दिनांक...................... द्वारा विज्ञापित पदों में नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र ।

1. आवेदक/आवेदिका का नाम (हिन्दी में) :– ..............................................................
   (अंग्रेजी के केपिटल लेटर में) :– ..............................................................
2. पिता/पति का नाम (हिन्दी में) :–..............................................................
   (अंग्रेजी के केपिटल लेटर में) :–..............................................................
3. जन्म तिथि (अंको में) :–..............................................................
   (शब्दों में) :–..............................................................
   (प्रमाण हेतु हाई–स्कूल प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें)
4. आयु (दिनांक 01.01.2023) की स्थिति मे):–वर्ष.........................माह.....................दिन...............
5. स्थायी पता :–..............................................................
   ..............................................................
   ..............................................................
6. पत्राचार का पता/पिन नं. सहित) :–..............................................................
   ..............................................................
   मोबाईल नं. ..............................................................
7. जाति प्रवर्ग (अजा/अजजा/अपिव/अन्य) उल्लेख करें :–..............................................
   (आरक्षित प्रवर्ग आवेदक/आवेदिका सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें)
8. क्या आप छत्तीसगढ़ के मूल निवासी है ? हॉ/नहीः–..............................................
   (छ0ग0 मूल निवासी होने का सक्षम अधिकारी का प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें)

9. क्या आप दिव्यांग श्रेणी से है ? यदि हॉ तो दिव्यांगता का प्रकार श्रेणीः–.................................

(जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी दिव्यांगता प्रमाण पत्र स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें)

10. क्या आप भूतपूर्व सैनिक है ? यदि हॉ/नही :–.......................................................................

(प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करे)

11. वाहन चालक हेतु ड्राईविग लाईसेंस कमांक :– ...........................................................

वाहन चालक हेतु ड्राईविग लाईसेंस वैधता तिथि :–...................................................

(लायसेंस की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें।)...........................................................

12. (शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्रों की सत्सापित छायाप्रति संलग्न करें)

| कमांक | परीक्षा का नाम | बोर्ड / वि.वि.का नाम | विषय | वर्ष | प्राप्तांक / पूर्णांक | प्रतिशत | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |

13. जिस संस्था से कम्प्यूटर एप्लीकेशन अर्हता प्राप्त किया गया हैः–

संस्था का नाम ..........................................................................................वर्ष...................

14. शीघ्रलेखन परीक्षा उत्तीर्ण करने का वर्ष :– ..............................................................

15. रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन कमांक एवं दिनांकः–.................................................

(स्वप्रमाणित प्रमाण पत्र संलग्न करे।)

16. क्या आवेदित पद हेतु अनुभव रखते है तो नीचे उल्लेखित करेः–

| कमांक | कार्यरत पद का नाम | कार्यालय का नाम | वेतन (प्रतिमाह) | कार्यरत अवधि कब से कब तक |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |

ोक्ता द्वारा जारी जावक कमांक सहित जारी अनुभव प्रमाण, अनापत्ति प्रमाण, की सत्यापित ायाप्रति संलग्न करें)

17. (अ) वैवाहिक स्थिति (विवाहित/अविवाहित) :–....................................................................................

(ब) यदि आप विवाहित है तो विवाह की तिथि ................................बच्चों की संख्या.......................

18. आवेदक द्वारा आवेदन में पांचवी की अंकसूची/आठवीं अकंसूची/दसवी अकंसूची/बारहवी अंकसूची/जीवित रोजगार पंजीयन प्रमाण पत्र/कम्प्यूटर उर्त्तीण प्रमाण पत्र/शीघ्रलेखन प्रमाण पत्र/स्थाई जाति प्रमाण पत्र/छ0ग0 निवास प्रमाण पत्र/भूतपूर्व सैनिक प्रमाण पत्र यदि लागू हो तो/दिव्यांग प्रमाण पत्र/ड्राईविग लायसेंस प्रमाण पत्र/अनुभव प्रमाण पत्र जिस पद पर आवेदन प्रस्तुत किया जा रहा है उससे संबंध दस्तावेज संलग्न करते हुए नीचे विवरण दे :–

संलग्न प्रमाण पत्रों की सूची (स्वप्रमाणित किया गया)

1 :–........................................................ 2 :–........................................................

3 :–........................................................ 4 :–........................................................

5 :–........................................................ 6 :–........................................................

7 :–........................................................ 8 :–........................................................

9 :–........................................................ 10 :–........................................................

11 :–........................................................ 12 :–........................................................

दिनांक......................................

स्थानः–.................................... आवेदक का नाम/हस्ताक्षर

## घोषणा पत्र

मैं एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि उपरोक्त आवेदन पत्र में बिन्दु कमांक 01 से 18 तक दी गई सम्पूर्ण जानकारी सत्य है, किसी भी प्रकार की गलत/ अपूर्ण जानकारी के कारण मुझे चयन प्रकिया से निष्काशित किया जा सकता है एवं मेरे विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा सकती है। मैंने यह आवेदन सम्पूर्ण विज्ञापन को पढ़कर एवं समझकर भरा है। विज्ञापन में दिये गये निमयों के अनुसार निर्धारित पद पर आवेदन की पात्रता है, जिसे आवश्यकता होने पर प्रमाणित करने की सम्पूर्ण जिम्मेदारी मेरी है ।

दिनांकः–........................ आवेदक के हस्ताक्षर

स्थानः–.......................... (आवेदक का नाम पूर्णपता)